दिन–मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　संपादक– कृष्ण कुमार लाल
अवधिः– 05 मिनट　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　टंकक– गोपाल कुमार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का आज शाम लोकसभा में जवाब देंगे। वे कल राज्यसभा में भी धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देंगे। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। इस बीच, संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा फिर से शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कल की टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के भाषणों में सार और सच्चाई दोनों का अभाव है। श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता का बहुत महत्वपूर्ण पद संभाला है, लेकिन उनके भाषण सार्वजनिक रैलियों के समान हैं। श्री सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि श्री गांधी तथ्य पेश करने की जगह सिर्फ आरोप ही लगाते हैं।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा एनडीए की ओर से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार होंगे। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने ये जानकारी दी। श्री कुशवाहा ने राज्यसभा उम्मीवार बनाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एनडीए के सहयोगी दलों को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि नवादा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के विवेक ठाकुर और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से राजद की मीसा भारती के निर्वाचन के बाद बिहार से राज्यसभा की दो सीटें रिक्त हो गई हैं। उपेन्द्र कुशवाहा लोकसभा चुनाव में काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद में विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए एनडीए की ओर से जदयू के भगवान सिंह कुशवाहा ने आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन की आज अंतिम तिथि है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अबतक किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र नहीं भरा है जिस कारण एनडीए उम्मीदवार का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। गौरतलब है कि यह सीट राजद के रामबली सिंह की सदस्यता समाप्त किये जाने के बाद से रिक्त है।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्से में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड की गईं। सीवान के बड़हरिया में दो सौ बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं सीवान सदर में एक सौ अंठानवें दशमलव छह, लकडी नवीगंज में एक सौ छियानवे दशमलव चार और गोरियाकोठी में एक सौ इक्यानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं कई अन्य जगहों पर अस्सी मिलीमीटर से लेकर एक सौ पचास मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सारण, भोजपुर, वैशाली अरवल, गया, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पटना, कैमूर, रोहतास, और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश जबकि शेष हिस्सों में मध्यम बारिश की संभावना है। कई जगहों पर भारी बारिश हो सकती है।

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानन्दा और परमान नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बागमती नदी सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर, कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर, महानन्दा नदी पूर्णियां के ढेंगराघाट और परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से ऊपर चली गई है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ और

खगड़िया के बलतारा में लाल निशान के आस–पास दर्ज किया गया। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट मे खतरे के निशान से मात्र छियासठ सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया है।

———————————————————————————

समाप्त